प्रश्नपत्र संख्या

19 12 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2019

**विद्यालय का नाम –** ........................................

**प्रतियोगी का नाम –** .................................... ह० .............. **अनुक्रमांक –** ..............

**कुल समयः 1 घंटा** **कक्षा-बारह** **कुल अंकः 100**

**निर्देशः** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) भरिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

---

**प्रश्न 1. मानक वर्तनी के आधार पर इनमें सही शब्द है-**

(क) दाइत्व ○ (ख) दयित्व ○ (ग) दायित्व ○ (घ) दाईत्व ○

**प्रश्न 2. सही मानक वर्तनी वाला शब्द है-**

(क) श्रंगाल ○ (ख) शृंगाल ○ (ग) श्रृगाल ○ (घ) शृगाल ○

**प्रश्न 3. 'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का सही अर्थ है-**

(क) खूब स्वागत करना ○ (ख) गर्मजोशी से हाथ मिलाना ○

(ग) कठोरता से व्यवहार करना ○ (घ) सुख-सुविधा का ध्यान रखना ○

**प्रश्न 4. 'ढाक के तीन पात होना' का सही अर्थ है-**

(क) खूब उन्नति होना ○ (ख) सुखद परिवर्तन न होना ○

(ग) बहुत सुंदर होना ○ (घ) नए अंकुर फूटना ○

**प्रश्न 5. 'चोर पर मोर' लोकोक्ति का सही अर्थ है-**

(क) एक-दूसरे से ज्यादा धूर्त ○ (ख) एक-दूसरे से ज्यादा सुंदर ○

(ग) एक-दूसरे से ज्यादा प्रसिद्ध ○ (घ) एक-दूसरे से ज्यादा बुद्धिमान ○

**प्रश्न 6. संचार शब्द की उत्पत्ति हुई है .................... धातु से।**

(क) सम् ○ (ख) संचरण ○ (ग) चर ○ (घ) चार ○

**प्रश्न 7. सही लोकोक्ति का गोला भरिए-**

मंत्री का फोन आते ही पुलिस वालों ने अपराधी को छोड़ दिया जबकि निर्दोष को थाने में बिठाए रखा। इसे कहते हैं-

(क) अंधों में काना राजा ○ (ख) साँच को आँच नहीं ○

(ग) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे ○ (घ) जिसकी लाठी उसकी भैंस ○

**प्रश्न 8. संचार का सबसे बुनियादी रूप है-**

(क) अंत: वैयक्तिक संचार ○ (ख) अंतरवैयक्तिक संचार ○

(ग) जन संचार ○ (घ) समूह संचार ○

**प्रश्न 9. प्रकाशित होने वाली सामग्री को नियंत्रित और निर्धारित करता है-**

(क) संपादक ○ (ख) सहायक समाचार संपादक ○

(ग) द्वारपाल ○ (घ) श्रोता एवं दर्शक ○

**प्रश्न 10. जनसंचार की सबसे मजबूत कड़ी कौन-सी है?**

(क) इंटरनेट ○ (ख) सिनेमा ○

(ग) टेलीविजन ○ (घ) प्रिंट मीडिया ○

**प्रश्न 11. 'बंगाल गजट' का संबंध इनमें से किससे है?**

(क) जुगल किशोर शुक्ल ○ (ख) जेम्स ऑगस्ट हिकी ○

(ग) भारतेंदु हरिश्चंद्र ○ (घ) मदन मोहन मालवीय ○

**प्रश्न 12. भारत में रेडियो की शुरुआत हुई ........................ में।**

(क) सन् 1895 में ○ (ख) सन् 1900 में ○

(ग) सन् 1921 में ○ (घ) सन् 1936 में ○

**प्रश्न 13. भारत में टेलीविजन की शुरुआत किसकी शैक्षिक परियोजना के तहत 1959 में हुई-**

(क) यूनीसेफ ○ (ख) यूनेस्को ○

(ग) आई. एम. एफ ○ (घ) डब्ल्यू. एच. ओ. ○

**प्रश्न 14. संचार के क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी क्रांति क्या थी?**

(क) लिपि का आविष्कार ○ (ख) भाषा की खोज ○

(ग) छपाई की कला की खोज ○ (घ) पुस्तकों की खोज ○

**प्रश्न 15. शब्दलेखन का संबंध इनमें से किससे है?**

(क) पिक्टोग्राफी से ○ (ख) ऑडियोग्राफी से ○

(ग) लोगोग्राफी से ○ (घ) पॉलीग्राफी से ○

**प्रश्न 16. चीन के साई लुन को इनमें से किसका श्रेय दिया जाता है?**

(क) छपाई के अविष्कार का ○ (ख) कागज़ के अविष्कार का ○

(ग) कपड़े पर छपाई करने का ○ (घ) लिपियों के विकास का ○

**प्रश्न 17. बौद्ध भिक्षुओं ने इनमें से किससे कागज बनाना आरंभ किया?**

(क) वृक्षों की कूटी छाल से ○ (ख) पुराने कपड़े से ○

(ग) मछली पकड़ने के पुराने जालों से ○ (घ) मलबरी वृक्ष की छाल से ○

**प्रश्न 18. चल-टाइप के आविष्कार से मुद्रण को मिले नए स्वरूप का श्रेय गुटेनब दिया जाता है। वे किस देश से रहने वाले थे?**

(क) चीन ○ (ख) जर्मनी ○ (ग) अमेरिका ○ (घ) भूटान ○

**प्रश्न 29. मुद्रण की क्रांति किस क्रांति की शुरुआत थी?**

(क) औद्योगिक विकास की ○ (ख) छपाई की ○

(ग) विचारों की ○ (घ) समाचार पत्रों की ○

**प्रश्न 20. पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है?**

(क) समाचार ○ (ख) जिज्ञासा ○

(ग) मनुष्य का स्वभाव ○ (घ) आसपास की घटनाएँ ○

**प्रश्न 21. 'स्टिंग आपरेशन' किस तरह की पत्रकारिता का नया रूप है?**

(क) विशेषीकृत पत्रकारिता ○ (ख) डॉगवाच पत्रकारिता ○

(ग) खोजी पत्रकारिता ○ (घ) एडवोकेसी पत्रकारिता ○

**प्रश्न 22. आज के समाचार मीडिया के एक बड़े हिस्से का उद्‌देश्य ...................... रह गया है।**

(क) लागों को जागरूक करना ○ (ख) निष्पक्ष खबरें फैलाना ○

(ग) अधिकतम लाभ कमाना ○ (घ) विज्ञापनों का प्रचार प्रसार ○

**प्रश्न 23. प्रेरक और उत्तेजित कर देने वाली हर सूचना ............. है।**

(क) पत्रकारिता ○ (ख) विशेषीकृत रिपोर्ट ○

(ग) जिज्ञासा ○ (घ) समाचार ○

**प्रश्न 24. इनमें से कौन सा समाचार का तत्व नहीं है?**

(क) नवीनता ○ (ख) जन-साधारण ○

(ग) टकराव या संघर्ष ○ (घ) जनरूचि ○

**प्रश्न 25. समाचार की वर्तनी, तथ्यात्मक अशुद्‌धियाँ आदि दूर करने का काम कौन करता है?**

(क) उपसंपादक ○ (ख) संपादक ○ (ग) प्रधान संपादक ○ (घ) रिपोर्टर ○

**प्रश्न 26. किसी समाचार संगठन की सफलता टिकी होती है उसकी ...................... पर।**

(क) संपादकों की संख्या ○ (ख) विश्वसनीयता ○

(ग) खबरों की अधिकता ○ (घ) विज्ञापनों की संख्या ○

**प्रश्न 27. पत्रकार की पहली बैसाखी किसे कहा जाता है?**

(क) सच्चाई को ○ (ख) संतुलन को ○

(ग) स्पष्टता को ○ (घ) निष्पक्षता को ○

**प्रश्न 28. उल्टा पिरामिड शैली में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य (क्लाइमेक्स) आता है-**

(क) सबसे पहले ○ (ख) मध्य में ○

(ग) सबसे अंत में ○ (घ) कहीं भी ○

**प्रश्न 29. 'रसराज' की संज्ञा किस रस को दी गई है?**

(क) वीर रस ○ (ख) हास्य रस ○

(ग) करूण रस ○ (घ) शृंगार रस ○

**प्रश्न 30. जिसे देखकर मन में भावों का जागरण होता है उसे .......... कहते है।**

(क) आश्रय ○ (ख) आलंबन ○

(ग) अनुभाव ○ (घ) उद्दीपन ○

**प्रश्न 31. दोहे के प्रथम चरण में ............. मात्राएँ होती हैं।**

(क) 11 ○ (ख) 13 ○ (ग) 16 ○ (घ) 21 ○

**प्रश्न 32. 'मानुष हौं तो वही रसखान बसौं ब्रज गौकुल गाँव के ग्वारन।' में छंद है ....................।**

(क) कवित्त ○ (ख) सवैया ○ (ग) हरिगीतिका ○ (घ) सोरठा ○

**प्रश्न 33. '<u>आपनु पौढ़ि अधर सज्जा पर,</u> कर पल्लव प लुटावति' रेखांकित अंश में कौन-सा अंलकार है?**

(क) अनुप्रास ○ (ख) रूपक ○ (ग) यमक ○ (घ) श्लेष ○

**प्रश्न 34. जब काव्य में शब्द एक बार आए और उसके कई अर्थ हों तो .................. अंलकार होता है।**

(क) अनुप्रास ○ (ख) यमक ○ (ग) उत्प्रेक्षा ○ (घ) श्लेष ○

**प्रश्न 35. अव्यय शब्दों का दूसरा नाम है ................।**

(क) विकारी शब्द ○ (ख) अविकारी शब्द ○

(ग) निरर्थक शब्द ○ (घ) अनेकार्थी शब्द ○

**प्रश्न 36. धन <u>के बिना</u> जीना बहुत कठिन होता है। रेखांकित अंश है .................... शब्द है।**

(क) क्रिया विशेषण ○ (ख) समुच्चयबोधक ○

(ग) निपात ○ (घ) संबंधबोधक ○

**प्रश्न 37. इनमें से शुद्ध वाक्य है ..................।**

(क) कई दिनों से उनका दर्शन नहीं हुआ ○ (ख) कई दिनों से उनका दर्शन हुआ नहीं ○

(ग) कई दिनों से उनके दर्शन नहीं हुए। ○ (घ) कई दिनों से दर्शन उनके नहीं हुए ○

**प्रश्न 38. इनमें से सही वाक्य है-**

(क) महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा। ○

(ख) महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेंगे। ○

(ग) देश महात्मा गांधी का सदा आभारी रहेगा ○

(घ) देश आभारी रहेगा सदा महात्मा गांधी का ○

**प्रश्न 39. विज्ञापनों का मुख्य उद्देश्य होता है-**

(क) लोगों का शिक्षित बनाना ○ (ख) लोगों में सुरूचि उत्पन्न करना ○

(ग) ग्राहकों को लाभ पहुँचाना ○ (घ) उत्पादों की बिक्री बढ़ाना ○

**प्रश्न 40. 'पेसिफिक ओसीन' (Pacific ocean) को हिंदी में कहा जाता है–**

(क) हिंद महासागर ○ (ख) प्रशांत महासागर ○

(ग) लाल सागर ○ (घ) अरब सागर ○

**दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर का गोला भरिए**

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता रही है–''अनेकता में एकता''। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है तथापि अपने आचार-विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामासिक संस्कृति का ही रूप देखने को मिलता है। यही कारण है कि इन विभिन्नताओं के होते भी भारत सदियों से भौगो. लिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इकाई के रूप में विश्व में अपना स्थान बनाए हुए है। इसलिए भारत में अनेकता में एकता के सदा ही दर्शन होते हैं। इस भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिकता और भौतिकता, दोनों का ही मिश्रण रहा है। अतः इसकी प्राचीनता, इसकी गतिशीलता, इसका लचीलापन, इसकी सहनशीलता, इसका सामासिक स्वरूप और अनेकता के भीतर से दिखाई देने वाली एकता इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। इन विशेषताओं के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है।

**प्रश्न 41. भारत की सामासिक संस्कृति की विशेषता है–**

(क) मतों और धर्मों की एकता ○ (ख) नागरिकों की एकता ○

(ग) विभिन्नता में एकता ○ (घ) आध्यात्म एवं भौतिक एकता ○

**प्रश्न 42. भारत ने ''विभिन्नता में एकता'' विषयक गुण के कारण सदियों से विशेष स्थान बनाया है–**

(क) एशिया महाद्वीप में ○ (ख) अपने देश में ○

(ग) विश्व में ○ (घ) पड़ोसी देशों में ○

**प्रश्न 43. 'भारतीय' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द और प्रत्यय हैं–**

(क) भारती + य ○ (ख) भार + तीय ○

(ग) भारत + ईय ○ (घ) भारत + इय ○

**प्रश्न 44. भारतीय संस्कृति में मिश्रण रहा है–**

(क) प्राचीनता का ○ (ख) धार्मिकता का ○

(ग) आध्यात्मिकता और भौतिकता का ○ (घ) संस्कृति और सभ्यता का ○

**प्रश्न 45. भारतीय अनेकता में एकता का स्वरूप है, उसकी–**

(क) भूमि, बोली, भाषा के अलग होने पर भी एक होना। ○

(ख) सभी भाषाओं का एक उद्गम होना। ○

(ग) धर्म, पंथों में समानता होना। ○

(घ) पंथ, धर्म, भाषा आदि अलग-अलग होने पर भी समान संस्कार होना। ○

**दिए गए पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर का गोला भरिए**

कलम आज उनकी जय बोल।
जला अस्थियाँ बारी-बारी, छिटकाई जिनने चिनगारी,
जो चढ़ गए पुण्य वेदी पर, लिए बिना गरदन का मोल।
कलम आज उनकी जय बोल।।

जो अगणित लघु दीप हमारे, तूफानों में एक किनारे,
जल-जलकर बुझ गए किसी दिन, माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।
कलम आज उनकी जय बोल।।
पीकर जिनकी लाल शिखाएँ, उगल रही लू-लपट दिशाएँ,
जिनके सिंहनाद से सहमी, धरती रही अभी तक डोल।
कलम आज उनकी जय बोल।
अंधा चकाचौंध का मारा, क्या जाने इतिहास बिचारा,
साखी है उनकी महिमा के सूर्य-चंद्र भूगोल-खगोल।
कलम आज उनकी जय बोल।।

**प्रश्न 46. ''कलम आज उनकी जय बोल'' का आशय है-**

(क) शहीदों का जयघोष करें। ○ (ख) वीरों को लिखकर नमन करें ○

(ग) कलम से जय का नारा लिखें। ○ (घ) अपनी लेखनी से प्रशंसा करें ○

**प्रश्न 47. 'जल-जलकर बुझ गए अगणित लघु दीपों' पद का भाव है-**

(क) जलते हुए असंख्य दीपक बुझाना ○

(ख) अल्प-आयु में ही मृत्यु हो जाना। ○

(ग) बिना पुरुषार्थ किए चले गए। ○

(घ) राष्ट्र के लिए सतत संघर्ष करते-करते समय से पूर्व बलिदान हो गए ○

**प्रश्न 48. 'जिनके सिंहनादों से सहमी, धरती रही अभी तक डोल।' पंक्ति में किन शूरवीरों की बात की गई है।**

(क) तूफानों का सामना करने वाले वीरों की ○

(ख) सिंहो के समान दहाड़ने वाले वीरों की ○

(ग) अदम्य साहस और पराक्रम से शत्रु को थर्रा देने वाले वीरों की ○

(घ) लेखनी चलाने वाले वीरों की ○

**प्रश्न 49. इतिहास को कवि ने ''चकाचौंध से अंधा' कहा है, क्योंकि-**

(क) इतिहास में ज्ञात तथ्यों का ही वर्णन होता है। ○

(ख) इतिहास में वही बातें होती हैं जिनकी ज्यादा चर्चा होती है। ○

(ग) इतिहासकार प्राय: शासन की चकाचौंध से प्रभावित होते हैं। ○

(घ) इतिहास सत्य को नहीं लिख पाता। ○

**प्रश्न 50. ''जो चढ़ गए पुण्य-वेदी पर लिए बिना गरदन का मोल'' का आश्य है-**

(क) नि:स्वार्थ भाव से राष्ट्र के लिए न्यौछावर हुए वीर। ○

(ख) देश का गुण्गान करने वाले वीर। ○

(ग) निस्वार्थ तूफ़ानों का सामना करने वाले महापुरुष। ○

(घ) आज़ादी का सतत दीप जलाने वाले वीर। ○